हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 दिसंबर 2023

06 कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने पर विद्युत ...



07 लटेरी नाके पर की अतिक्रमण पर कार्रवाई, कई पक्के ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2800 | 3952 |
| गेहूं 1544 | 2300 | 3401 |
| चना | 4750 | 5500 |
| मसूर | 5000 | 5960 |
| सोयाबीन | 3200 | 4773 |
| सरसों | 4984 | 5521 |
| धान | 2000 | 4250 |
| मूंग | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 0000 | 0000 |
| अलसी | 4791 | 4791 |
| मक्का | 1980 | 1980 |

## खबर संक्षेप

### पीएम जनमन मिशन के तहत शिविरों का आयोजन जारी

**विदिशा।** राजस्व अधिकारियों के द्वारा चिन्हित पीव्हीटीजी बाहुल्य बस्तियों में पीएम जनमन मिशन के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित वर्ग के नागरिकों से सम्पर्क कर सामुदायिक बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सर्वे किया जा रहा है। साथ ही व्यक्तिगत हितलाभ के लिए योजनाओं के तहत आवेदन कराने की प्रक्रिया कराई जा रही है। चिन्हित बस्तियों में आयोजित किए जा रहे केम्पों में नाम दर्ज कर्मचारियों को नोडल नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को सोठिंया, कोलुआ, जीरापुर, जोहद में शिविर का आयोजन किया गया था।

### केंद्रीय अधिकारियों ने शिविरों का जायजा लिया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जनमन मिशन के तहत जिले के लिए नियुक्त जिले के प्रभारी मोहित मथुरिया तथा एनएसटीएफडीसी की प्रबंधक मोनिका ने विदिशा विकासखंड के ग्राम बल्लाखेड़ी टपरा में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आयोजित शिविर में शामिल होकर क्रियान्वित प्रक्रिया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्राम में चल रहे अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई है। भ्रमण के दौरान क्षेत्र संयोजक विनोद भोंसले, स्थानीय सरपंच के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव व जीआरएस के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीएसपी राजेश तिवारी ने ट्रांसपोटर्स की बैठक ली



**विदिशा।** शुक्रवार को सीएसपी राजेश तिवारी ने बस संचालकों एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभी बस एवं ट्रक संचालकों को अपने वाहनों के कागजात पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। कागजात पूर्ण न होने की स्थिति में विशेष अभियान के तहत उन वाहनों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शाम 6.30 बजे ऑटो यूनियन के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी ऑटो मालिकों और ड्राइवरों को समझाइश दी गई कि अपने अपने वाहनों के सभी कागज़ जैसे बीमा, परमिट, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस वैद्य रखें। कागजात न होने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

### हर गांव में मनाया जाएगा गौरव दिवस

**विदिशा।** ग्राम गौरव दिवस इस वर्ष 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 की अवधि में प्रत्येक गांव में मनाए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक गांव के लिए एक कैलेंडर तैयार करेगा। इसके लिए प्रत्येक गांव अपने एक निश्चित दिवस जो गांव के महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध पुरुष, महिला के जन्म दिवस अथवा गांव की परंपरा में किसी खास दिवस को ग्राम गौरव दिवस के रूप में मान्य किया जा सकता है।

## गुना में हुए हादसे के बाद पुलिस और आरटीओ अधिकारी ने की कार्रवाई

# आरटीओ की कार्रवाईः 40 यात्री वाहनों की चेकिंग की, 5 बसें ओवरलोड मिलीं

### पुलिस ने भी 25 बसें, 10 डंपर, 40 बड़े लोडिंग तथा 60 छोटे वाहन चेक किए

**गुना में हुए हादसे के बाद** शहर में यात्री बसों और वाहनों की जांच शुरू हो गई है। शुक्रवार को आरटीओ अधिकारी सहित पुलिस विभाग ने भी वाहनों की चैकिंग की। चैकिंग के दौरान कई बसें ओवरलोड मिलीं तो वहीं कई वाहनों पर नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई की गई है। आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया की परिवहन आयुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई शुरू की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुना बस हादसे में 13 लोगों के जिंदा जलने के बाद जिले में भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को जिला आरटीओ अधिकारी और पुलिस दोनों ने वाहनों की जांच की। इस दौरान कई बसें ओवरलोड मिलीं तो वहीं दर्जनों वाहन बिना यातायात नियमों के चलते पाए गए। जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया की परिवहन आयुक्त के निर्देश पर यात्री वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने सिरोंज रोड पर वाहनों की चेकिंग की। इस कार्रवाई के दौरान 40 यात्री वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 5 बसें ओवरलोड पाई गईं।

इन बसों से 10 हजार रुपए शमन शुल्क वसूला गया। आरटीओ श्री वर्मा ने बताया की यात्री वाहनों के विरुद्ध चेकिंग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वहीं एसपी दीपक शुक्ला के निर्देश पर जिलेभर में पुलिस विभाग द्वारा भी कार्रवाई की गई। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सघन वाहन चेकिंग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चालक, ओवरलोडिंग वाहन चालकों एवं बिना परमिट के बसों को चेक करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सीएसपी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में विदिशा के सभी थाने कोतवाली, सिविल लाइन, करारिया, गुलाबगंज, ग्यारसपुर तथा यातायात पुलिस के द्वारा सघन वाहन चेकिंग कराई गई। जिसमें अनुभाग विदिशा द्वारा 25 बसें, 10 डंपर, 40 बड़े लोडिंग तथा 60 छोटे वाहन चेक किए गए। जिसमें से यातायात पुलिस द्वारा एक ट्रक बिना बीमा का पाए जाने पर 5 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई तथा शेष थानों द्वारा 12 अन्य वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात संबंधी नियमों का पालन करने एवं आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी गई।




**विदिशा।** पुलिस और यातायात विभाग ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए कई बसों और यात्री वाहनों पर कार्रवाई की।

### गुना हादसे में 13 लोग जिंदा जले हैं

मध्यप्रदेश के गुना जिले में बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें गुना से आरोन जा रही बस में भीषण आग लग लगने से 13 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। इसके बाद अब सभी जिलों में कार्रवाई की जा रही है। हादसा बस और डंपर के आमने-सामने से टकराने की वजह से हुआ था।

### कार्रवाई होगी



परिवहन आयुक्त के निर्देश के बाद यात्री वाहनों की जांच की कार्रवाई शुरू की गई है। यातायात के नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिलेभर में चैकिंग अभियान चलाकर नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - **गिरिजेश वर्मा,** आरटीओ

## अब तक 90 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2023-24 में किसानों के फसल बीमा के लिए बैंकों द्वारा कृषक अंश प्रीमियम राशि लिए जाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तय की गई है। किसान रबी 2023 में अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत 90 हजार किसानों द्वारा बीमा कराया जा चुका है। अधिसूचित हल्कों के लिए स्केल ऑफ फायनेंस की 1.5 प्रतिशत की दर से गेहूं सिंचित फसल के लिए रुपए 525, गेहूं असिंचित फसल के लिए रुपए 394.5, चना फसल के लिए रुपए 525, राई सरसों फसल के लिए रुपए 204 एवं मसूर फसल के लिए रुपए 330 प्रति हेक्टर के मान से प्रीमियम राशि जमा होगी।

अऋणी किसान फसलों का बीमा बैंक लोक सेवा केंद्र एवं निर्धारित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के माध्यम से करवा सकते हैं। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंकों के माध्यम से किया जाएगा। अऋणी कृषक 1-भू अधिकार पुस्तिका की छायाप्रति, 2-सक्षम अधिकारी द्वारा बोआई प्रमाण पत्र (पटवारी अथवा ग्राम पंचायत द्वारा प्रदान किया जावेगा), 3- पूर्णतः भरा हुआ प्रस्ताव फार्म (बैंक खाता की समस्त जानकारी, मोबाईल नं०, ई-मेल, खाता संख्या, स्वयं भरा हुआ घोषणा पत्र) 4- पहचानपत्र हेतु आधार कार्ड (अनिवार्य) 5- बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति के साथ नजदीकी बैंक में प्रीमियम राशि जमा कर फसल बीमा का लाभ लें।

## अक्टूबर तक 18 साल के होने वाले भर सकेंगे वोट बनवाने का फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा चुनाव के लिए वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की शुरुआत 6 जनवरी से होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर 2024 की एक तारीख को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं से भी फॉर्म भरवाने को कहा है। इनकी उम्र जैसे ही 18 साल की होगी, नाम वोटर लिस्ट में जुड़ जाएंगे। 6 से 22 जनवरी तक सभी 1338 पोलिंग सेंटर पर बीएलओ बैठेंगे। यहीं पर नए और पुराने वोटरों के फॉर्म लिए जाएंगे।

### यह दस्तावेज जरूरी

नए वोटर- फोटो, आधार और कक्षा 10वीं अंक सूची की फोटो कॉपी। निवास बदलने पर - बिजली, पानी, गैस एजेंसी या बैंक पासबुक की कॉपी। नाम हटवाने - मृत्यु प्रमाण-पत्र, शादी कार्ड या अन्य दस्तावेज लगाना होगा। हेल्पलाइनः ऑनलाइन के लिए voter Helpline app, Voter.eci.gov.in पर जाकर मदद ले सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल किया जा सकता है।

## 58 बस्तियों में मल्टीपरपज सेंटर की स्थापना की जाएगी

### प्रत्येक भवन का निर्माण साठ लाख रुपए से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री जनमन (पीव्हीटीजी) मिशन के तहत जिले की चिन्हित बस्तियों में मल्टीपरपज सेंटर (एमपीसी) की स्थापना की जाएगी। ततसंबंध में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिले के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किए है कि पीव्हीटीजी बाहुल्य बस्तियों में मल्टीपरपज सेन्टर के लिए भूमि का नक्शा खसरा उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

विदिशा जिले में 58 पीव्हीटीजी बस्तियां ऐसी है जहां आंगनबाडी केन्द्र भवन नहीं होने के कारण इन बस्तियों में मल्टीपरपज सेन्टर बनाए जाएंगे। प्रत्येक भवन की लागत साठ लाख रुपए है। गौरतलब हो कि केन्द्र सरकार की जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश के विदिशा सहित 18 जिलो में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीव्हीटीजी बाहुल्य बस्तियों में जहां आंगनबाड़ी भवन एवं स्वास्थ्य केन्द्र नही है वहां पर मल्टीपरपज सेन्टर स्थापित किया जाना है इनके निर्माण हेतु प्रति लगभग 2200 स्क्वायर फीट शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जानी है। जनपद पंचायतवार चिन्हित पीव्हीटीजी बस्तियां जहां मल्टीपरपज सेंटर बनाए जाएंगे।

### गंभीर अपराध करने वाले आरोपियों को 5 साल की सजा

**विदिशा।** न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने गंभीर अपराध करने वाले आरोपियों को पांच साल की सजा सुनाई है। 18 जुलाई रात्रि 9 बजे राघव जी कालोनी विदिशा में धनराज, राजू कुशवाह के साथ आरोपी दिनेश रैकवार एवं प्रशांत प्रजापति, विशाल द्वारा चाकुओं से हमला कर दिया था। स्थानीय लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। घटना की रिपोर्ट फरियादी ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिनेश, प्रशांत व विशाल के विरुद्ध धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया। मामले को विवेचना में लेकर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाह द्वारा पेश किए गए साक्ष्य व दस्तावेजों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा से दंडित किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत ग्राम सिररहार और नादौर में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को ग्राम पंचायत सिमरहार और नादौर में पहुंची। विदिशा विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया गया। दोनों ग्राम पंचायतों में प्रचार रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश तथा विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रसारण भी किया गया।साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा हितलाभ का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत सिमरहार में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उपस्थित ग्रामीणजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत निर्धारित प्रारूप की शपथ का वाचन कराया। जिसे सभी के द्वारा दोहराया गया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत सिमरहर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य कैंप में पहुंचकर शिविर का अवलोकन ही नहीं किया बल्कि अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई तथा क्विज विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### 'बदलाव की किरण' कार्यशाला में शामिल होंगी विदिशा की नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा



**विदिशा।** पांच जनवरी को भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित सी इज ए चेंज मेकर नामक कार्यशाला में विदिशा की नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के चुने हुए निकाय अध्यक्षों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। दिल्ली में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में प्रदेश भारत के कुल 16 निकायों के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें विदिशा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भी शामिल हैं।

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**विदिशा।** मौसम में बार-बार बदलाब देखने को मिल रहा है। दो दिन के बाद शुक्रवार को फिर सुबह से घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाएं चलने से कड़ाके की ठंड का एहसास हुआ। वहीं कई लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड को कम कर रहे हैं। घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी में 50 मीटर रही। ऐसे में चालकों को वाहनों को हेड लाइट जलाकर रेंगना पड़ा। शुक्रवार को उच्चतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अब दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढ़ने की संभावना है।

### शमशाबाद में खाटू श्याम भजन संध्या आज

**शमशाबाद।** एक शाम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन आज कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा। जिसमें श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। श्याम भजन के पूर्व सुबह 10 बजे खाटू श्याम मंदिर सिंचाई विभाग कालोनी से निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह निशान यात्रा नगर में मुख्य मार्ग होते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचेगी। खाटू श्याम भजन संध्या के अवसर पर खाटू श्याम जी का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। छप्पन भोग, अखंड ज्योति, इत्र वर्षा की विशेष तैयारी की गई है। भजन संध्या में अपर्णा मिश्रा, अनंत मिश्रा बरेली उत्तरप्रदेश, सागर राव गुना, अजय विश्वकर्मा गायकों के द्वारा श्यामजी के भजनों की प्रस्तुति श्याम सरकार म्यूजिक ग्रूप बैरसिया द्वारा की जाएगी।

## आंतकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए सैनिक को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जम्मू कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए सागर जिले के शहीद वीर सपूत राजेश यादव को शहर के शहीद ज्योति स्तंभ पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाम 6 बजे शहर के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी एकत्रित हुए। विधायक मुकेश टंडन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, तोरण सिंह दांगी, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, अरविंद श्रीवास्तव, गोविंद देवलिया, रिटायर्ड फौजी रविंद्र यादव, संजय प्रजापति, पवन नामदेव, पंडित देव सनोठिया आदि ने वीर शहीद राजेश यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी और इस दुख की घड़ी में वीर सैनिक के परिवार के सदस्यों को शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की गई।

कारगिल में आंतकियों से मुठभेड़ करते हुए सागर जिले के राजेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसके बाद उन्हें दिल्ली के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी सांसें रुक गईं। शहीद राजेश यादव सागर जिले की बंडा तहसील में आने वाले क्वायला गांव के निवासी थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सागर समेत उनके गांव में मातम छाया हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा दुख प्रकट किया है।

### सेंट मैरी हायर सेकंडरी स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# चलचित्रों व मोबाइल के प्रभाव में युवा भ्रमित हो रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



साहित्यिक सामाजिक सरोकारों का प्रेरणा मंच वर्तमान में व्याप्त अवसाद, तनाव और निराशा से निकलकर आशावादी और तनाव रहित रहने की प्रेरणा युवा पीढ़ी को देता रहा है। इसी प्रयास में सेंट मैरी हायर सेकंडरी स्कूल विदिशा के मैनेजर फादर फ्रीजो के मुख्य आतिथ्य में एक कार्यशाला का आयोजन प्रेरणा मंच द्वारा किया गया।

फादर फ्रिजो ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में ऐसी परिस्थितियों उत्पन्न हो गई है कि चलचित्रों और मोबाइल के प्रभाव में युवा भ्रमित हो रहे हैं। मंच द्वारा बताई जा रही प्रेरक बातों को उन्हें जीवन में उतरना चाहिए। प्रेरणा मंच की श्रीमती डॉक्टर रेखा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को खान-पान, रहन-सहन और आचार विचार में संयमित रहने की सलाह दी। नवनीता पांडे ने हमेशा दूसरे विकल्प की तैयारी रखने की सलाह देते हुए लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया। ज्योति जाधव ने अति आधुनिकता से बचने के लिए और परिवार से जुड़े रहने की बात कही। संतोष नामदेव ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और उनके प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर दिए। माया सिंह ने प्रकृति से जुड़ने और संतुष्ट रहने का सुझाव दिया। संचालन करते हुए रितु देवलिया ने बचपन को भरपूर जीने और खुश रहने की प्रेरणा दी। डॉक्टर कमल चतुर्वेदी ने स्कूल के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जहां एकाग्रता, नियमितता और लगनशीलता होती है वहां कुछ भी असंभव नहीं होता।

उन्होंने अपनी कविता यात्रा में वे पथ भी शामिल होते हैं के माध्यम से संघर्षों में भी विजय प्राप्त करने का प्रयास निरंतर करने की प्रेरणा दी। सुमन मंडोरिया, छाया नामदेव और प्रेरणा मंच के अन्य सदस्यों ने भी प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। स्मिता तिवारी ने इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत सुना कर मन में विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। आशीष मिश्रा, सिस्टर ज्योति ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कई प्रश्न भी पूछे और समाधान भी प्राप्त किया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2535
उच्चतम भाव-3745
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2321
उच्चतम भाव-3071
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2340
उच्चतम भाव-2385
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5350
मसूर
न्यूनतम भाव-4110
उच्चतम भाव-5806
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5000
सरसों
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5510
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6850
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4250
तुअर
न्यूनतम भाव-7100
उच्चतम भाव-7350
ज्वार
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-7151
मूंग
न्यूनतम भाव-4505
उच्चतम भाव-5065
धना
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600
बटरी
न्यूनतम भाव-3901
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 22241 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### राम मोहन माथुर का निधन



गंजबासौदा। विशाल माथुर, अंशुमान माथुर एडवोकेट, सोनू माथुर के पिताजी एवं ध्रुव माथुर, अथर्व माथुर के दादाजी राम मोहन माथुर का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास राम मंदिर के सामने चाचा वाली गली से दोपहर से समय बेतवा नदी रिपटा घाट स्थित विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

झूलों में सुंदर लाइटिंग बनी आकर्षण का केंद्र...



गंजबासौदा। नगर बरेठ रोड स्थित नवीन मेला ग्राउंड में श्रीराम लीला मेला 25 दिसम्बर से शुरु हो गया है जिसमें भीड़ उमड़ने लगी है, मेले में बाहर से बड़े-बड़े झूले आए हुए हैं। जिनमें की गई लाइटिंग से रात्रि के समय मेले का आकर्षण और भी अधिक बढ़ जाता है।

### अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में विद्युत ठेकेदारों को पहुंचाया था लाभ

# कॉलोनाइजर को लाभ पहुंचाने पर विद्युत अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मध्यक्षेत्र बाह्य विद्युतीकरण के कार्य में अनियिमितता और नियमों की अवहेलना के आरोप में नगर में पदस्थ रहे विद्युत कंपनी अफसरों पर कठोर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई विद्युत कंपनी द्वारा नई कॉलोनियों के विद्युतीकरण तथा अन्य विद्युतीय निर्माण कार्य में अनियिमितता, नियमों की अवहेलना, स्थल निरीक्षण में लापरवाही और कॉलोनाइजर, विद्युत ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप की जांच के बाद की गई है। मध्य प्रदेश के पावर सेक्टर के इतिहास में अब तक की यह सबसे कठोरतम कार्यवाई मानी जा रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र में कई कॉलोनियां पिछले कुछ सालों में विकसित हुई हैं। इन कॉलोनियों में अवैधानिक रूप से विद्युतीकरण किया गया था। साथ ही इन कॉलोनियों में से कई में विद्युत कंपनी की विभिन्न ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के खंभों सहित अन्य विद्युत सामग्री भी उपयोग में लाई गई है। जो अभी तक इन कॉलोनियों में लगे हुए हैं। इन्हीं शिकायतों की कंपनी प्रबंधन द्वारा जांच के बाद रायसेन, विदिशा एवं गंजबासौदा में पदस्थ कंपनी के अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 तथा पेंशन नियमों के अंतर्गत मेजर पेनाल्टी से दंडित किया गया है। इसी क्रम में तत्कालीन उप महाप्रबंधक बासौदा संभाग एनडी स्वर्णकार को कंपनी के निर्माण कार्य सामग्री का अनुचित उपयोग एवं अन्य गंभीर अनियमितताओं का दोषी पाया गया। इस घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण एनडी स्वर्णकार (वर्तमान में सेवानिवृत्त) के निर्धारित पेंशन को 64% कम करने के आदेश जारी कर दण्डित किया गया है। वहीं तत्कालीन उप महाप्रबंधक रामपाल सिरसाटे के विरूद्ध सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, अनियिमितता बरतते हुए कंपनी के नियमों की अवहेलना के आरोप सही पाये गये जो घोर कदाचरण की श्रेणी में आते हैं। इस घोर लापरवाही को ध्यान में रखते हुए रामपाल सिरसाटे को तत्काल प्रभाव से एमपी सिविल सर्विसेज नियम 1966 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उनकी मौजूदा वेतन राशि 73600 रुपए लेवल–10 (71500–206900) से घटाकर न्यूनतम वेतन राशि 56100 रुपए लेवल–9(56100–177500) कर दी गई है। इसी तरह राजेश दुषाद को उप महाप्रबंधक के पद से रिवर्ट कर सहायक अभियंता, रायसेन में पदस्थ रहे कमलकांत सिंह की मौजूदा वेतन राशि 77700 से घटाकर 56100 रूपए की गई है। वहीं विदिशा में पदस्थ रहे उप महाप्रबंधक एसके गुप्ता एवं जीएल सिंह उप महाप्रबंधक रायसेन की वेतन राशि घटाने का दंड दिया गया है।

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि इन अधिकारियों, कर्मचारियों को दण्डित करना एक ऐसी मिसाल बनेगा जो कि आदतन लापरवाही और नियमों के विरुद्ध कार्य करते हैं, वे सावधानी और सजगता से कार्य करें। कंपनी ने मैदानी अधिकारियों को सचेत किया है कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और किसी भी स्तर पर काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यहां उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व ही एक बडा मामला उजागर होने के बाद गडबडी की शिकायतों के बाद कंपनी प्रबंधन ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ पदावनति, स्थानांतरण आदि की कार्रवाई की थी।

# यातायात पुलिस ने की आधा दर्जन से अधिक बसों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस गुना में हुई बस एवं डंपर की टक्कर की गंभीर घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यात्री बसों की जांच के निर्देश दिए हैं। ताकि ऐसे गंभीर हादसों को रोका जा सके और लोगों की जान की रक्षा हो सके। एसडीओपी मनोज मिश्रा के अुनसार इन्हीं निर्देशों के पालन में एसपी दीपक शुक्ला एवं एएसपी समीर यादव के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय द्वारा नगर से चलने वाली करीब आठ यात्री बसों को रोककर सभी दस्तावेज फिटनेस, परमिट, पीयूसी, रजिस्ट्रेशन, चालक का लाइसेंस आदि की जांच की गई। साथ ही सभी बस चालकों, परिचालकों एवं संचालकों को यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बसों का व्यवस्थित और सुरक्षित संचालन करने की हिदायत दी गई।

उधर यातायात पुलिस ने तिरंगा चौक एवं जयस्तंभ चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना हैलमेट बाइक एवं बिना सीट बेल्ट कार चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें 17 चालान बनाए गए एवं 6900 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।

### फसल बीमा के लिए 31 तक कर सकेंगे आवेदन

गंजबासौदा। फसल बीमा योजना में किसान 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। कृषि उपसंचालक केएस खपड़िया ने बताया कि अधिसूचित पटवारी हल्का की असिंचित फसल के लिए ऋणी, अऋणी और डिफाल्टर किसान आवेदन पत्र सहघोषणा पत्र भरकर प्रीमियम जमा कर सकते हैं। अऋणी और डिफाल्टर किसान फसल बुवाई प्रमाण पत्र, हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव या स्वप्रमाणित कर जहां बैंक खाता है और लोकसेवा केंद्रों के माध्यम से भी प्रीमियम राशि जमा करा कर फसल बीमा योजना में शामिल हो सकते हैं।

# भाजपा की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को त्योंदा के सांस्कृतिक भवन में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाइयां दी गईं एवं आने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रज्ञा सिंह रघुवंशी, रामबल कुर्मी, शरीफ खान, प्रशांत श्रीवास्तव, राहुल राय, सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम अहिरवार, भानु राजपूत सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पाठक संघ ने मनाई पुण्यतिथि और जयंती





गंजबासौदा। शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा की पुण्यतिथि एवं देश के महान क्रांतिकारी नेता शहीद उधम सिंह की जयंती एवं प्रसिद्ध सीरियल रामायण के रचयिता रामानंद सागर की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा जो कि उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति एवं राज्यपाल भी रहे उनकी गंजबासौदा में ननिहाल थी और वे प्रसिद्ध शिक्षाविद, दार्शनिक और विचारक थे, उन्होंने अनेक पदों पर रहकर देश की सेवा की। वहीं शहीद उधम सिंह का जन्म पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था उन्होंने जलियांवाला हत्याकांड होने के बाद कसम खाई थी कि वह जनरल डायर जिसने यह जघन्य हत्याकांड किया था, निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाई थीं, उसे मारकर ही दम लेंगे। उसकी हत्या का बदला लेने वह लंदन पहुंचे और अंग्रेज अफसर को गोली मारकर बदला लिया। अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उन्हें फांसी की सजा हुई। फांसी की सजा मात्र 20 वर्ष में हुई। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने माना। इस अवसर पर कैलाश नेमा, अनिल दुबे, शरद जैन, राहुल व्यास, राजू गोस्वामी, टीपू सोलंकी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आवेदकों की समस्याओं का किया जा रहा समाधान



गंजबासौदा। एसडीएम विजय राय द्वारा अपने चेंबर में नगरवासियों एवं अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आ रहे आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनको उचित समझाईश तथा उचित निराकरण किया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासी एसडीएम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं।

### आजाद नगर में नवांकुर इकाई के शिविर का छटवां दिन

# स्वयं सेवकों को शिविर में दी जानकारियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिविर के छठवें दिवस रासेयो के जिला संगठक प्रवीण जगा द्वारा स्वयंसेवकों को शिविर संबंधी अनेक जानकारियाँ दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा आजाद नगर तपोवन में आयोजित शिविर के छठवें दिवस शुक्रवार को स्वयंसेवकों को रासेयो के संबंध में अनेक जानकारियां दी गईं। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक और कृषि वैज्ञानिक प्रवीण कुमार जगा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि के तौर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक और पूर्व कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा,विशेष अतिथि शिक्षक हरिओम शरण शर्मा, विद्यालय के व्याख्याता संदीप कुमार रावत, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी शंभू सिंह रघुवंशी आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों एवं सर्टिफिकेट के विषय में स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन जिला संगठक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश ओझा द्वारा स्वयं सेवकों से आवाहन गीत एवं राष्ट्रीय युवा गीत का गायन कराया। विशेष अतिथि हरिओम शरण शर्मा द्वारा शिविरों के पूर्व अनुभव स्वयंसेवकों को बताए गए। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुतियाँ वाणी राठौर का गीत घूमर नृत्य एवं दैनिक दिनचर्या पर आधारित मूक नाटक था। कार्यक्रम का संचालन अनुज शर्मा एवं स्वयं सेविका परी ओझा के द्वारा किया गया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी विनय सोनी द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा अतिथियों को आभार पत्र भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य समेत विद्यालय के अनेक शिक्षकगण उपस्थित थे।

### नौलखी मंदिर में बैठक रविवार को

गंजबासौदा। वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से आयोजित होने वाले विराट महोत्सव की विभिन्न तैयारियों को लेकर स्थानीय स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पर रविवार दोपहर 3 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्म प्रेमी बंधुओं से उपस्थित रहने का आव्हान किया गया है। नौलखी खालसा श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्ण रूप रेखा बनाकर विभिन्न समितियों का निर्माण किया जाना है। मंदिरा समिति ने नगर के धर्मालु, गणमान्य नागरिकों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

# नाप लेने के बहाने वृद्ध के रुपए चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक बुजुर्ग को अज्ञात बदमाशों ने उस समय अपना शिकार बना लिया। जब वह तीर्थ यात्रा कर सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। यहां बदमाशों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके लिए जैकेट का नाप लेने की बात कही और इसी दौरान नाप लेते हुए उनकी जेब से 15 हजार रूपए गायब कर दिए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आटासेमर निवासी नंदकिशोर दुबे तीर्थ यात्रा करके सुबह भोपाल बीना मेमो ट्रेन से स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। वे स्टेशन के बाहर निकलकर गांव जाने के लिए परिजनों का इंतजार कर रहे थे, तभी दो अज्ञात बाइक सवार बदमाश उनके पास आए और बोले की गुरूजी आपके लिए जैकेट बनवाना है और आपका नाप चाहिए। बुजुर्ग को बातों में उलझाकर बदमाशों ने उनका नाप लेना शुरू कर दिया और इसी बीच जैकेट के नीचे पहने एक अन्य वस्त्र की जेब में रखे 15 हजार रूपए गायब कर दिए। जिसके बाद बदमाश भी वहां से चले गए। जब बुजुर्ग अपने घर पहुंचे तो उन्हें रूपए चोरी होने की जानकारी लगी। उन्होंने पूरी घटना परिजनों को बताई और सिटी कोतवाली आकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए बुजुर्ग के साथ घटना स्थल की जांच पड़ताल की और उनसे एक आवेदन लेकर जांच एवं कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। बुजुर्ग ने पुलिस से रुपए दिलाए जाने एवं आरोपियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

### अज्ञात कारणों के चलते मकान में लगी आग



गंजबासौदा। शुक्रवार को समीपस्थ ग्राम सिरावदा में एक मकान में अज्ञात कारण के चलते आग लग गई। जिससे ग्रामीण को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। आग पर ग्रामीणों की मदद से काबू पाया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक मकान में रखा घर, गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

### ट्रैक्टर पेड़ से टकराया

गंजबासौदा। एक ट्रैक्टर चालक लापरवाही पूर्वक तेज गति में वाहन चलाते नवीन कृषि उपज मंडी की ओर जा रहा था। तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। जिसके चलते ट्रैक्टर चालक घायल हो गया और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों की मदद से ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिये शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। टैक्टर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के बीच में से टूटकर दो हिस्से हो गये।

### काव्य गोष्ठी 2 जनवरी को

गंजबासौदा। साहित्यकार संघ द्वारा 2 जनवरी को दोपहर 1 बजे वरिष्ठ रचनाकार ओमप्रकाश श्रीवास्तव के आवास पर काव्य सुधा रस वर्षा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के सभी साहित्यकारों से शामिल होने की अपील की गई है।

### कड़ाके की ठंड के दौरान खुले आसमान के नीचे कई परिवारों ने गुजारी रात

# लटेरी नाके पर की अतिक्रमण पर कार्रवाई, कई पक्के मकानों और झोंपड़ियों को किया धराशाई

*एसडीएम बोले-हम ने पहले से ही बेघर हुए परिवारों के रूकने व खाने-पीने की व्यवस्था कर दी थी और उन व्यक्तियों को सूचना भी दी गई थी लेकिन वह परिवार फिर भी वहां नहीं पहुंचे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर प्रतिदिन की जा रही कार्रवाई के क्रम में गुरूवार की शाम नपा अमले ने लटेरी नाके पर पहुचकर वर्षो से जमें स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। नपा अमले ने लटेरी नाके पर स्थित अतिक्रमण कर बनाए गए कई पक्के मकानो व झोपडियों को जेसीबी के माध्यम से धराशाई किया गया। जिसके चलते इन झोपडियों व मकानो में निवास करने वाले अनेको परिवार बेघर हो गए। देर रात तक चली अतिक्रमण मुहिम में लटेरी नाके से शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय तक फैला अतिक्रमण को हटाया गया।



प्रशासन की अतिक्रमण पर कार्रवाई से लटेरी नाके पर स्थित कई परिवार अपनी झोपडी व पक्के मकान टूटने से बेघर हुए वही इन परिवारो ने खुले आसमान के नीचे कडकाडाती ठंडा में रात गुजारी और न ही किसी परिवार के घर चूल्हा जल पाया। बेघर हुए परिवारो ने पूरे रात आग का सहारा लेकर रात गुजारी और अपनी बच्चों को किसी ने पंगल के नीचे सुलाया तो किसी सड़क किनारे घर के सामना का इस्तमाल कर टीनसेट के झोपडी बनाकर रात गुजारी। खुले आसमान के नीचे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को रात काटना भारी पड़ गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा बीते कई दिनों से अतिक्रमणकारियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी दी जा रही थी। लेकिन नपा द्वारा चेतावनी देने के बाद भी जिन व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण नही हटाया गया उन व्यक्यिों पर नपा ने कार्रवाई करते हुए अनेको मकानो को धराशाई कर उक्त चौराहा को अतिक्रमण मुक्त किया।

**नपा शादी हॉल में की गई थी बेघर परिवारों को रूकने की व्यवस्था**



*एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण पर कार्रवाई करने से पहले ही सभी अतिक्रमणकारियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना दे दी गई थी। यह कार्रवाई उन व्यक्तिओं पर की गई है जिन्होने अतिरिक्त अतिक्रमण कर रखा था। पट्टे वाले किसी भी घर को प्रशासन ने नही टोडा और जिन व्यक्तिओं के अतिक्रमण में घर टूटे गए है उनके रहने के लिए पहले से ही नगर पालिका हॉल में व्यवस्था कर दी गई थी और हमारी टीम द्वारा कल रात्रि में भी बेघर परिवारो को नपा हॉल में रूकने को कहा गया था और सुबह के समय भी टीम ने बेघर परिवारो को नपा शादी हॉल में जाने के लिए कहा था। लेकिन वह परिवार वहा जाने के लिए तैयार नही है। नपा के शादी हॉल में बेघर परिवारो के लिए पहले से ही खाने व रहने की व्यवस्था कर दी गई थी।*

## जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सीएम हाउस पहुंचकर नवनियुक्त मंत्रियों को दी शुभकामनाएं



**सिरोंज।** सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने भोपाल सीएम हाऊस पहुचकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एंव नवनियुक्त मंत्री तुलसी सिलावट, प्रदुयुमन सिंह तोमर, लखन सिंह पटेल से सौजन्य भेंट कर फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

## गरीब बच्चों के बीच पहुंचकर प्राचार्य ने मनाया जन्मदिन



**सिरोंज।** शासकीय सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ गरीब बस्तियों में पहुचकर बच्चों को पेंन पेसिंल आदि पढाई से संबधित सामग्री का वितरण कर गरीब बच्चों के बीच अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# निर्मला कान्वेंट के विद्यार्थियों ने गरीबों को बांटा अनाज और दैनिक जरूरत का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत गरीबो की सहायतार्थ नगर की वार्ड नंबर 02 स्थित पॉलीवाल कॉलोनी में रहने वाले निर्धन व्यक्तियो को अनाज, दाल, चावल के साथ-साथ दैनिक उपयोग की सामग्री साबुन, टूथपेस्ट आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सचिन शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को साहयोग प्रदान कर वार्ड के निर्धन व्यक्तियों को चिन्हित कर एक स्थान पर एकत्रित किया गया जिससे सामग्री वितरण में सुविधा हो सकी।



ज्ञात हो कि निर्मला कान्वेन्ट स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष निर्धन परिवारों की सहायतार्थ कुछ न कुछ सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसके पूर्व विद्यालय के द्वारा श्यामपुरा स्थित अनाथ आश्रम पर विद्यालय परिवार के द्वारा अनाज, चालव, तेल आदि वितरित किया गया था। विगत वर्षों में विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा नगर में 5 निर्धन बेसहारा व्यक्तियो को आवास निर्मित कर प्रदान किए जा चुके है तथा अनाथ आश्रम एवं वृद्धाश्रम में अन्नदान भी उपलब्ध किया गया था। उसी क्रम में विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय में अनाज एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री संकलित कर निर्धन बस्ती में पहुंच कर 50 गरीब परिवारों को अनाज, दाल, चावल के साथ-साथ दैनिक जरूरत का सामान प्रदान किया गया।

सामग्री मिलने पर गरीब परिवारों द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया एवं उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर ऐंजलिन, वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन, अब्दुल हक जफर, महेन्द्र भार्गव, आयुषी, अक्षिता सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# समाजसेविका श्वेता आनंद त्यागी ने विधायक और स्थानीय प्रशासन का व्यक्त किया आभार

### स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही अतिक्रमण पर कार्रवाई की प्रसन्नसा करते हुए वरिष्ठ समाजसेविका एंव केडीबीएम स्कूल की चेयरपर्सन श्वेता आनंद त्यागी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सिरोंज की एक अपनी कहानी है इतिहास है पहाड़ों से घिरा यह एक सुंदर शहर है कोई स्थान सुंदर हो इसके लिए वहाँ के रहवासी ही जवाबदार होते हैं। जो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है।



उसके लिए मैं प्रशासन को धन्यवाद देती हूं और आशा करती हूं की अपने शहर को साफ़ सुथरा सुंदर बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक अपना यथा योग्य योगदान देगा। वही उन्होने कहा कि यदि किसी भी काम मे सभी का सहयोग मिली तो वह काम जरूर सफल होता है वही उन्होने कहा कि पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा का एक सपना था कि सिरोंज शहर पूरे प्रदेष में सुंदर,स्वच्छ व सौदर्यकरण के नाम से जाना जाए। वही इस सपने को सकार करने के लिए हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा क्षेत्र के विकास व शहर को सुंदर बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रहें है।

श्वेता आंनद त्यागी ने शहर के विकास के लिए व सौदर्यकरण के लिए विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा उठाए जा रहे हर कदम का हम स्वागत करते है। वही स्थानीय प्रशासन में एसडीएम हर्षल चौधरी का नपा अमले का भी हम आभार व्यक्त करते है।

## 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाया जाएगा शहीद स्थल बड़ा बाजार में हो रहा स्मारक निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हो गया परंतु भोपाल राज्य का भारतीय संघ में विलय नहीं हुआ। भोपाल की नबावशाही के विरूद्ध विलीनीकरण आंदोलन चला जिसमें 6 जनवरी 1949 को नगर के बडा बाजार तत्कालीन पुराने थाने के सामने नबावी पुलिस की लाठिया झेलते हुए 2 युवा शहीद हो गए। विलीनीकरण आंदोलन में बरेली के संघर्ष और शहादत को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। 2022 में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नगर की सामाजिक, साहित्यिक संस्था श्री निराला साहित्य जन कल्याण परिषद ने शहीद स्थल पर श्रद्धांजली सभा और शहीदों के परिजनों का सम्मान किया, तभी से 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की जोरदार मांग बनी हुई है। श्री निराला समिति के संरक्षक सुरेश बिदुआ, अध्यक्ष



साहब सिंह धाकड़, अवध नारायण सक्सेना, प्रेम साहू, भगवानदास राठी, देवी जैन, सईद पठान इत्यादि ने नपं. का इस विषय पर ध्यान आकर्षित किया। नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं पार्षदों से इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। नपं. की पीआईसी बैठक में 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस मनाने और कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**स्मारक का निर्माण**

जहां विलीनीकरण आंदोलन में दो युवा रामप्रसाद अहिरवार एवं जुगराज सोनी नबावी पुलिस की लाठियां झेलते हुए शहीद हुए थे। वहॉ नपं. द्वारा पक्का शहीद स्मारण का निर्माण कराया जा रहा है। नगर गौरव दिवस पर वृहद कार्यक्रम की रूपरेखा भी नपं. एवं निराला समिति द्वारा बनाए जाने की जानकारी नपं. उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत ने दी है।

### केबीनेट मंत्री संपतिया उइके का किया स्वागत

बरेली। मप्र की डॉ. मोहन यादव की सरकार में केबीनेट मंत्री के रूप में शपथग्रहण करने वाली सम्पतिया उइके अपने ग्रह क्षेत्र मंडला जाते समय अल्प समय के लिए जियो पेट्रोल पंप पर रुकीं। सूचना मिलने पर पहुंचे नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, भारती भूतडा द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर उइके का स्वागत किया गया। केबीनेट मंत्री उइके ने बरेली नगर के संबंध में उपस्थित लोगों से चर्चा और स्थिति जानने का प्रयास किया।



## जिस ताकत से जीत दिलाई उसी ताकत से करेंगे विकासः पटेल

### विकसित भारत संकल्प यात्रा चार गांवों में पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विकासखंड के ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा भ्रमण कर रही है। ग्राम गुरारिया, अलीगंज, भिलाडिया एवं डूमर में यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुए। डूमर के कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले नरेन्द्र शिवाजी पटेल शामिल हुए। पटेल ने सरकार की लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि जिस ताकत के साथ उदयपुरा-बरेली विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने जीत दिलाई है, उसी जोश उत्साह और ताकत के साथ क्षेत्र में विकास पात्र हितग्राहियों की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा। राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि अधिकारियों के साथ सरकार आपके पास आपके घर आई है।

सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों के जीवन बदलने का काम कर रही है। कार्यक्रम में मंत्री पटेल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, हितग्राहियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रभा पटेल, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, जिपं. सदस्य शेर सिंह चौधरी, अभिषेक राजपूत, रेवा सिंह गोदर के साथ सरपंचो, ग्रामीणों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### जनसेवा मित्र गांवों में कर रहे जागरुक

**पिपलधार।** मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपना सहयोग देकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही नोडल अधिकारियों की भी कर रहे हैं। रजिस्ट्रेशन कर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। मप्र शासन की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। जन सेवा मित्रों द्वारा नटेरन ब्लॉक के सभी गांव में ग्रामीण लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं का घर घर तक लाभ पहुंचने का काम कर रहे है।

### मोहना खेजड़ा के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

**विदिशा।** एकीकृत शासकीय हाईस्कूल मोहनाखेजड़ा के उच्च माध्यमिक कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप और चैत्य विहार के साथ साथ अन्य स्तूपों और एतिहासिक इमारत का अवलोकन किया। प्राचार्य ब्रज श्रीवास्तव ने बच्चों को इस स्थान के क्रमिक विकास के बारे में जानकारी दी। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक श्यामलाल ने भी बच्चों को एक एक स्थान के महत्व के साथ साथ यह भी बताया कि इस स्तूप का संबंध गौतम बुद्ध के दो शिष्यों से है। इसके बाद छात्र छात्राओं ने उदयगिरि भ्रमण किया। बच्चों ने अपनी जिज्ञासाएं जाहिर कीं जिनका उत्तर महेश कुमार श्रीवास्तव, उर्मिला लोधी, सपना पंथी और शचि गुप्ता ने दिया।इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों के बीच बहुत उमंग और उत्साह देखा गया।



### पुलिस थाना गढ़ाकोटा में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गढाकोटा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर की टोली पुलिस थाना गढ़ाकोटा पहुंची। जहां थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे को स्वामी विवेकानंदजी की तस्वीर भेंट की एवं सायबर क्राइम एवं ग्राहकों के साथ होने वाली धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रकाशित पत्रिका 'जाग्रत ग्राहक जागृत भारत' का विमोचन थाना प्रभारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के दल के कार्यों की प्रशंशा करते हुए कहा की इस प्रकार के जागरूकता कार्य से ही आप फ्रॉड या धोखाधड़ी से बच सकते है। अपराध के प्रति जागरूकता ही अपराध से बचाव होता है। ये पत्रिका विभिन्न विद्यालयों में बच्चो के माध्यम से घर घर तक पहुंचने का प्रयास करे। और विद्यालय में होने वाले आयोजनों में पोलिस थाना परिवार भी सहभागिता करेगा और सभी को सायबर अपराध से होने वाले हानिकारक प्रभाव और नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास करे । इस अवसर पर पोलिस थाना गढ़ाकोटा की तरफ से समस्त स्टाफ ने सहभागिता की । अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला सागर अध्यक्ष श्रीराम साहू, गढ़ाकोटा से रवि सोनी पत्रकार, पुरषोत्तम लाल पटेल पत्रकार, महेंद्र अग्रवाल, विक्रम साहू झागरी, अजय राठौर, मनोहर लाल चढ़ार, प्रदीप राज मासाब आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मौसमः शीत के प्रकोप से बदल रही दिनचर्या, अस्पताल में भी सर्दी, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ी

# सर्दी में ह्रदय रोगियों को अधिक जोखिमः डॉ. बीडी यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

उत्तरी हवाओं के साथ शीत का प्रकोप बढ़ने के साथ लोगों की दिनचर्या भी बदल गई है।

ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने ह्दय रोगियों से शीत के प्रकोप में सावधानियां बरतने की सलाह दी है। सूर्योदय के बाद अच्छी तरह गर्म कपड़ों का उपयोग करने, लोग सुबह घरों से बाहर निकले। गर्म कपड़ों का अधिक उपयोग करें।

पिछले 2 दिनों से शीत का प्रकोप रहने के साथ आसमान में बादलों का डेरा भी जम रहा है। जिससे एक बार फिर मौसम में बदलाव शीत के साथ कभी भी बारिश होने की संभावना हो रही है। क्षेत्र के हजारों किसान पिछले दिनों हुई बारिश की परेशानियों से किसी प्रकार उबर रहे है। धान फसलों को उलट पलट और सुखाकर धान की थ्रेसिंग की जा रही है। पानी में भींगी नमी युक्त धान की कीमत भी किसानों को न मिलने से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। क्षेत्र में किसानों द्वारा खेतो का पलेवा, गेंहू, चना की बोवनी की जा रही है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में यदि फिर मौसम बदलता और बारिश होती है तो किसानों की फसलों के नुकसान की संभावना है। जिस प्रकार 24 घंटों भारी ठंड और सर्द हवाओं का जोर बना हुआ है। जिससे लोगो की दिनचर्या भी बदल रही है। भले स्कूलों के खुलने का समय प्रातः 9 बजे कर दिया गया हो परंतु ठंड की ढिढुरन में कम उम्र के बच्चों को तैयार करना, ढुढरते हुए स्कूल जाना मजबूरी बना हुआ है। सुबह 7 बजे सूर्योदय, शाम 5 बजे सूर्यास्त के साथ अंधेरा छाने लगता है। जो सड़के रात 10-11 बजे तक गुलजार रहती थी, अब 9 बजे रात से बाजारों, सड़कों पर सन्नाटा छा जाने की स्थिति बन रही है।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद ग्यारसपुर की उप तहसील हैदरगढ़ के अंतर्गत ग्राम मोहम्मदगढ और चिकली पहुंची। मंडल अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यात्रा में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी।

सभी शासकीय विभागों के स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों के आवेदन लिए गए। वहीं ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरपंच सुखेंद्र किरार, सचिव रोजगार सहायक मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित नोडल अधिकारी दिनेश दांगी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## प्रेम के वशीभूत भगवान श्रीराम ने शबरी के खाए झूठे बेर, उधर हनुमान जी ने सुग्रीव से कराई राम की मित्रता

# श्रीरामलीला मेले में उमड़ रही लोगों की भारी भीड़, झूलों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे बच्चे

*शहर के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मेला महोत्सव में अब लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ने लगी है। जहां बूढ़े बुजुर्ग रामलीला का मंचन देखने पहुंच रहे है, तो वहीं बच्चें एवं युवा झूलों का आनंद लेने जा रहे है। इस बार आये नाव वाला झूला युवाओं की पहली पसंद बना हुआ है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को श्रीरामलीला मेले में सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की लीला का मंचन किया। लीला के अनुसार भगवान राम और लक्ष्मण दोनों भाई सीता की खोज में वन में विचरण करते हैं, इस दौरान उन्हें एक आश्रम दिखाई देता है, जहां भीलनी शबरी नामक वृद्धा निवास कर रही होती है वहां उनके पास पहुंचते हैं और अपना परिचय शबरी के लिए देते हैं तो वह मन ही मन प्रसन्न हो जाती है। प्रभु श्री राम के पैर पकड़ लेती है और अपने आश्रम में ले जाती है, जहां वह भगवान राम के अति प्रेम के चलते बेर तोड़ कर लाती है। कहीं खट्टे न हो इस कारण वह बेरो को चखते हुए मीठे मीठे बेर अपने हाथों से भगवान श्रीराम को खिलाती है और भगवान राम भी शबरी के प्रेम के चलते प्रेम के साथ बेर खाते हैं। इस प्रकार से सबरी भी भगवान राम के प्रताप से तर जाती है।

शबरी भगवान राम लक्ष्मण को रास्ता बताते हुए पंपापुर के लिए भेज देती है जैसे ही राम लक्ष्मण वन में चलते हैं जहां उन्हें एक नदी मिलती है वहां स्नान आदि कर्म क्रिया करने के पश्चात वह वन में विचरण करते हैं इसी दौरान भगवान राम की हनुमान जी से भेंट होती है, परंतु हनुमान जी उन्हें पहचानते नहीं है तो भगवान राम और लक्ष्मण हनुमान जी को अपना पूरा पता बताते हैं।

नाम बताते हैं और कहते हैं कि किसी ने हमारी भार्या सीता का हरण कर लिया है इधर हनुमान जी भगवान राम का नाम सुनकर अति प्रसन्न होते हैं और किष्किंधा के राजा सुग्रीव के पास मित्रता कराने के लिए ले जाते हैं, इस समय की लीला अति सुंदर होती है जिसे देखकर दर्शक भी भाव विभोर हो जाते हैं, इस प्रकार से हनुमान जी ने भगवान राम की सुग्रीव से मित्रता कराई।



फोटो : सोनू कुशवाह

### श्री रामलीला में आज होगी लंका दहन प्रसंग की आकर्षक प्रस्तुति

श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज शनिवार को श्री रामलीला मैदान में लंका दहन नामक प्रसंग की आकर्षक लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रामदूत श्री हनुमान जी लंका में प्रवेश कर रावण की सोने की लंका को जलाएंगे। इस आकर्षक प्रसंग की लीला को देखने एवं धर्म का लाभ उठाने की अपील रामलीला मेला समिति के पदाधिकारियों ने सभी धर्म प्रेमियों से की है।



### मैं बेरी सुग्रीव प्यारा, कारण कहहु नाथ मोहि मारा

*आगे की लीला में बाली किसी राक्षस का पीछा करते हुए गुफा में प्रवेश कर जाता है और उसे गुफा के भीतर ही मार देता है गुफा के अंदर से खून की धारा वह पड़ती है इधर सुग्रीव को बाली ने पहले से ही पहरे पर रहने के लिए कहा था परंतु सुग्रीव खून की धारा देखकर वहां से वापस आ जाते हैं उधर वाली बमुश्किल गुफा के अंदर से आता है और सुग्रीव के ऊपर चढ़ाई कर देता है कहता है कि तू भाई नहीं मेरा दुश्मन है मैं अब तुझे छोड़ूंगा नहीं। इस प्रकार से सुग्रीव और बाली के बीच काफी देर तक युद्ध होता है। सुग्रीव भगवान राम लक्ष्मण की शरण में पहुंचता है और मिलते हुए कहता हैं कि हे राम बाली तो अति बलशाली है उसने मेरी मार मार कर खराब हालत कर दी । इधर भगवान राम आश्चर्य में पड़ जाते हैं क्योंकि सुग्रीव और बाली दोनों भाइयों की सूरत एक जैसी थी तो भगवान राम ने सुग्रीव के गले में माला पहना दी ताकि उसकी पहचान हो सके और सुग्रीव को दोबारा बाली से युद्ध करने के लिए भेजते हैं तभी युद्ध के दौरान भगवान राम वृक्ष लताओं की आड़ में छुपकर बाली को तीर कमान से वाण मार देते हैं जिससे वाली वही धराशाई हो जाता है, इस दौरान वाली ने भगवान राम से पूछा कि मैं वेरी सुग्रीव प्यारा,, कारण कहहु नाथ मोहि मारा। अर्थात बाली कहता है कि हे राम मुझमें क्या बुराई है मुझे क्यों मार दिया सुग्रीव क्यों आपको प्यारा है। इस प्रकार से कहते हुए बाली प्राण त्याग देता है।*

## सीएम के निर्देश पर रातभर थानों का निरीक्षण करते रहे अधिकारी

# डीजीपी ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज थाने का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रात्रि भ्रमण के लिये निर्देशों के पालन में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात डीजीपी से लेकर एसपी तक के सभी पुलिस अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के थानों का एक साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीती रात पूरे प्रदेश में आईजी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र के सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया। डीजीपी रात एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और प्रातः चार बजे टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे ।

### प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दिए निर्देश

डीजीपी सुधीर सक्सेना ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात औबेदुल्लागंज, बिलखिरिया और भोपाल के टीटी नगर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहनता से अवलोकन कर बड़ी संख्या में खड़े वाहनों को देखकर विधिसम्मत निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थानों में लॉकअप, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया और मालखाने में अनावश्यक रूप से पड़े सामान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी ने वारंट रजिस्टर का अवलोकन कर समन तथा वारंटों की तामीली की समीक्षा की एवं तामीली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने औबेदुल्लागंज और बिलखिरिया थाने के विभिन्न ग्रामों की विलेज क्राइम नोटबुक का अवलोकन किया तथा ग्रामीण क्षेत्रों की आपराधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

### आईसीजेएस की समीक्षा की....

डीजीपी ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने औबेदुल्लागंज थाने में समन वारंट की तामीली की समीक्षा की और वारंट रजिस्टर के उचित संधारण के निर्देश दिए। इस संबंध में थाने की कार्यप्रणाली पर अप्रसन्नता व्यक्त की। यहां डीजीपी सक्सेना ने स्वयं कम्प्यूटर का संचालन कर आईसीजेएस की समीक्षा की। यहां उन्होंने मालखाने का भी अवलोकन किया। उन्होंने थानों की केस डायरी की समीक्षा की एवं एसडीओपी द्वारा विवेचना किए जा रहे प्रकरणों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए।

### नवीन तकनीकों का प्रयोग करें

बिलखिरिया में जब्त वाहनों के निपटान के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना भवन के जीर्णोद्धार कार्य की प्रशंसा की। सीसीटीएनएस पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर उन्होंने अपराधों के निराकरण के लिए नवीन तकनीकों का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंस के चलते बिजली सप्लाई रहेगी 3 घंटे बंद

**बेगमगंज।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की बड़ी लाइन का मेंटेनेंस कार्य शनिवार दोपहर 12 बजे से शुरू किया जाएगा। जो करीब दोपहर 3 तक चलेगा। जिसके कारण गैरतगंज सब स्टेशन से बेगमगंज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई बंद रहेगी। मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के सहायक उपमंत्री संतराम उईके ने उक्त जानकारी देते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विभिन्न माध्यमों से सूचना देकर अपने काम सप्लाई बंद होने से पूर्व निपटाने का आव्हान किया है।

### करहौला में श्रीरामचरित मानस सम्मेलन एक से

**बेगमगंज।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन ग्राम करहौला के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में 1 जनवरी से 5 जनवरी 2024 तक संपन्न होगा। 33 वे सम्मेलन में मंच संचालक पंडित श्री वेदाचार्य जी महाराज अखिल भारतीय मानस धर्म संघ अध्यक्ष रहेंगे। कथावाचक पंडित महेंद्र जी शास्त्री मानस मणी झांसी उत्तर प्रदेश, पंडित नवीन बिहारी जी सागर सागोनी पुरैना एवं पंडित सुरेंद्र जी शुक्ला जींदधाम बरेली के कर कमलो द्वारा दोपहर 12 से 5 तक संपन्न होगा। सम्मेलन के सूत्रधार हरिकेश पटेल, डॉ.शंकर सिंह लोधी, नवल किशोर बबलू यादव, बाबूलाल पटेल, मोती राम पटेल, महेंद्र गौर, सरपंच जयहिंद गौर एवं डॉ. देवेंद्र पटेल ने सभी श्रद्धालु बंधुओ से मानव सम्मेलन में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### वृहद चिकित्सा शिविर 10 जनवरी को लगेगा

**सिलवानी।** देशभर में केद्र सरकार के द्वारा आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधानसभा मुख्यालय सिलवानी में 10 जनवरी को आगमन होगा। यात्रा के नगर आगमन पर बृहद स्तर पर नगर परिषद के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियो को हिदलाभ भी वितरित किए जाएगें। नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 10 जनवरी को नगर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में बृहद चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमे विभिन्न बीमारियों का चिकित्सको द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक शाखाओं के द्वारा भी स्टॉल लगाए जाएगे, जहां पर कि बैंकिग की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## ठेकेदार ने रोड निर्माण का काम किया बंद



**दीवानगंज।** गांव सेमरा बनखेड़ी मार्ग का क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने फरवरी मै भोपाल विदिशा हाईवे 18 से ग्राम सेमरा होते हुए बनखेड़ी तक लगभग 4.50 किलोमीटर मार्ग का 475.86 लाख रुपए से इस सड़क का निर्माण करने का उद्घाटन किया था जिसका कार्य ठेकेदार द्वारा बारिश से पहले प्रारंभ हो गया था। बारिश आ जाने के कारण ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। इसके बाद आज तक ठेकेदार ने इस तरफ मुड़कर भी नहीं देखा। बारिश से पहले पुलियों का निर्माण कर दिया गया था।

बारिश बीते 3 महीने हो गए हैं, अभी तक ठेकेदार ने रोड पर कार्य प्रारंभ नहीं किया है। पूरी बारिश रोड बनाने में काम आने वाला सामान रखा रहा, मगर बारिश के बीत जाने के बाद ठेकेदार अपना पूरा सामान उठा कर ले गया।

## पुलिस ने मामले को दर्ज कर भूसे से भरा हुआ ट्रक किया जब्त

# तेज रफ्तार ट्रक ने कार में सामने से मारी टक्कर, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

बेरखेड़ी चौराहा पर एक तेज रफ्तार भूसे से भरे मिनी ट्रक ने कार में सामने से टक्कर मार दी। कार में बैठे तीन लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने प्रमोद विश्वकर्मा पिता कंछेदीलाल निवासी गंजबासौदा की रिपोर्ट पर ट्रक चालक पर मामला पंजीबद्ध कर ट्रक को जप्त किया।

जानकारी अनुसार बेरखेड़ी चौराहे पर विदिशा से भोपाल की तरफ जा रहे भूसे से भरे तेज रफ्तार मिनी ट्रक सीजी 15 डीजेड 3200 ने भोपाल से गंजबासौदा जा रही इंडिगो कार एमपी04 टीए 1527 में सामने से टक्कर मार दी। जिससे कार चालक अमित भट्ट, ऋतिक और प्रमोद विश्वकर्मा को चेहरे, हाथ पैर व सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।





### हाइवे को 4 लाईन किया जाए तो कम हो सकते हैं हादसे

*भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज़ हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।*

# नगर परिषद प्रांगण में नगर गौरव दिवस धूमधाम के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुल्तानपुर

नगर परिषद प्रांगण में नगर गौरव दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया। नगर गौरव दिवस का यह द्वितीय आयोजन था। प्रत्येक वर्ष नगर की उपलब्धि पर पूरे मध्यप्रदेश में नगर गौरव दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुल्तानपुर नगर गौरव दिवस मनाया जाता है। क्योंकि 29 दिसंबर 1983 को ग्राम पंचायत से नगर परिषद का गठन हुआ था।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश नहीं मिटने दूंगा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही बच्चों द्वारा बेटी बचाओ और स्वच्छता का संदेश भी दिया गया जिसकी उपस्थित जन समूह द्वारा जमकर तारीफ की गई। उपस्थित अतिथि साजिद खान, प्रकाश पटेल, प्रमोद श्रीवास्तव, राधाकृष्ण आडवाणी, कमलेश राजपाल एवं हेमराज मीणा द्वारा नगर में विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

नप सीएमओ अशोक केथल द्वारा संबोधन में नगर में होने वाले आगामी विकास कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नप अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी हेमराज मीणा, पार्षद विशाल द्यूते, राकेश गौर, विनोद सोनी, दानिश खान, छोटे भैया, महबूब हसन, दीपक मिर्धा, शकील मंसूरी, शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक सुशील शर्मा सहित नगर परिषद के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन योगेश शर्मा द्वारा किया गया।




## नर्मदा परिक्रमा से लौटे तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

**बेगमगंज।** नर्मदा परिक्रमा, सोमनाथ, द्वारिकाधीश यात्रा करने गए 65 तीर्थ यात्रियों का नगर वापसी पर शहरवासियों परिवारजनों ने दशहरा मैदान में भव्य स्वागत किया। विगत करीब 22 दिन पहले विभिन्न ग्रामों एवं शहर से करीब 65 लोगों का जत्था माँ नर्मदा की परिक्रमा के लिए प्रायवेट बस द्वारा रवाना हुआ था। आज शुक्रवार को वापसी होने पर नगर के दशहरा मैदान पर यात्रा से लौटे तीर्थ यात्रियों का नगर वासियों एवं उनके परिजनों ने फूलमाला श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

जहां पुरुषों ने परिक्रमा यात्रियों को गले लगाकर स्वागत किया। छोटों ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया और बाजे गाजो के साथ अपने अपने घर ले गए। बस द्वारा यात्रा में प्रत्येक यात्री से 11500 का यात्रा खर्च लिया गया है।

## पुलिस टीम ने 10 मोटर साइकिल सहित दो चोरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार साहवाल के निर्देश अनुसार रायसेन थाना प्रभारी मनोज सिंह की कड़ी मेहनत और पहल पर उनकी टीम ने 10 मोटर साइकलों के साथ दो बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, पकड़े गए बाइक चोरों को कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि रायसेन निवासी फरियादी अहतेशाम अख्तर पिता मोहम्मद अख्तर ने पुलिस थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर हमने मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ने के लिए योजना बनाकर पुलिस की टीम गठित की। वाहन चेकिंग के लिए सैंडोरा चौकी पर वाहन चेकिंग के लिए लगाया गया था, इस दौरान




आरोपी आमिर पिता चमन खान उम्र 32 वर्ष निवासी राहुल नगर रायसेन से चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर काले रंग की 26 दिसंबर को जप्त की गई थी। आरोपी आमिर ने पुलिस टीम को राजकुमार बारसे शिवप्रसाद बारसे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम उमरवानी जिला बैतूल पहुंचा जिसके कब्जे से पुलिस ने मोटरसाइकिल डीलक्स लाल काले रंग की सहित इसके अलावा आरोपी ने चार मोटरसाइकिल चोरी करना कबूल किया। चोर आमिर खान और राजकुमार बारसे के पास से 10 मोटरसाइकिल जप्त की गई है।

## रात्रि विश्राम के लिए अब ग्रामीणों को नही पड़ेगा भटकना

# नप की नगर को सौगात, रैन बसेरा आश्रय स्थल प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्रामीण अंचलो से आने वाले ग्रामीणो को रात्रि विश्राम के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर परिषद ने सामाजिक सरोकार के दायित्व को पूर्ण करते हुए नगर में रैन बसेरा आश्रय स्थल प्रारंभ किया है। जो कि नगर परिषद की नगर के लिए अनुपम सौगात होने के साथ ही ग्रामीणो के लिए रात्रि विश्राम के लिए बेहतर स्थल भी है। हालांकि नागरिक बीते कई सालो से नगर मे रैन बसैरा प्रारंभ किए जाने की मांग कर रहे थे, जिसे कि नगर परिषद ने पूर्ण करते हुए नए वर्ष के प्रारंभ होने से चंद्र दिन पूर्व ही सर्व सविधायुक्त रैन बसैरा प्रारंभ कर नागरिको को नूतन वर्ष की सौगात दी।

नगर के बस स्टेण्ड परिसर में स्थित यात्री प्रतीक्षालय के ऊपरी हिस्से में नगर परिषद के द्वारा सर्व सुविधायुक्त रैन बसैरा प्रारंभ किया है। इस रैन बसैरा में रात्रि विश्राम करने वाले लोगो के लिए निःशुल्क गड्डे, रजाई, पानी, शौचालय की सुविधा विद्वमान है। यहां पर प्रवेश के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। बताया गया है कि प्रवेश का समय शाम चार बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। रैन बसैरा प्रारंभ हो जाने अब कोर्ट कचहरी, थाना, तहसील सहित अन्य कामो से सिलवानी आने तथा काम ना होने व यातायात के साधन ना मिलने पर रात्रि के समय गणतव्य तक नही जा पाने वाले ग्रामीणो के लिए नगर परिषद का रैन बसेरा रात्रि विश्राम के लिए वरदान सावित होगा। हालांकि नगर परिषद नागरिको को व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर लगातार सक्रिय है। इसके तहत बम्होरी मार्ग पर सडक के एक और नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है यह निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर सड़क पर बहते पानी से निजात मिल जाएगी बल्कि सडक भी साफ स्वच्छ रहेगी ।






### नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने नप संकल्पित : नायक

*नगरीय क्षेत्र के नागरिको को बेहतर सुविधाए उपलब्ध कराए जाने के लेकर नगर परिषद संकल्पित है, यह कहना है नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक का। उन्होने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओ से पात्र हितग्राहियो को लाभांवित किया जा रहा है। नप से संबंधित आवेदनो का भी समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। हमेशा यह प्रयास है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित ना रहे।*